नेपाल सीमा पर अवैध शराब बरामद

जमुनहा | हिन्दुस्तान संवाद

पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने नेपाल से भारतीय क्षेत्र में अवैध रूप से लायी जा रही भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ के बाद आरोपी पर आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम लगातार सरहद की निगहबानी में जुटी है। थाना मल्हीपुर में गुरुवार सुबह को जमुनहा पुलिस चौकी प्रभारी राजीव कुमार मिश्र व सशस्त्र सीमा बल 42वीं वाहिनी जमुनहा आउट पोस्ट के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक तिलकराज अपने जवानों के साथ भारत नेपाल सीमा पर गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ भारत आ रहा है। सूचना मिलते ही एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम मुखबिर के बताए गए सीमा से लगे पिलर संख्या 642 के पास पहुंच कर घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद ही उन्हें एक व्यक्ति सिर पर बोरा रखे आता दिखाई दिया। भारतीय क्षेत्र के रामपुर चाड़ा के करीब पहुंचते ही पर जवानों ने उसे रुकने को कहा। जवानों को देख वह वापस नेपाल की ओर भागने लगा। इस पर जवानों ने दौड़कर आरोपी व्यक्ति को पकड़ लिया।

पुलिस व एसएसबी की गिरफ्त में मौजूद आरोपी • हिन्दुस्तान

तलाशी लेने पर आरोपी के पास से कर्णाली सौंफी की 120 शीशी, कर्णाली दूधिया की 60 शीशी, कर्णाली लीची की 30 शीशी, कर्णाली ब्लेन्ड 30 शीशी सहित कुल 240 शीशी नेपाली शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बांसगढ़ी निवासी [illegible] पुत्र मोहन के रूप में हुई। आरोपी पर आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान जैंटल कुमार, प्रदीप दत्त केसरी, विकास चौहान, बलेन्द्र कौशिक, राम कैलाश, प्रदीप मौर्य आदि मौजूद रहे। चुनाव के कारण नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी की टीम सतर्कता बरत रही है।